# अभियान चलाकर दूर की जाएं उद्यमियों की समस्याएं : नंदी

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने विभागीय कामकाज के प्रस्तुतीकरण के दौरान कहा कि कारोबारी सुगमता के लिहाज से प्रदेश दूसरे स्थान पर है। उन्होंने यह सवाल भी किया कि इसके बावजूद उद्यमियों की समस्याएं अभी भी क्यों हैं। इन समस्याओं को दूर करने के निर्देश भी दिए। नंदी गोमती नगर स्थित पिकप भवन में विभागीय कामकाज की समीक्षा कर रहे थे।



## औद्योगिक विकास मंत्री ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा

उन्होंने कहा कि कारोबारी सुगमता के आगामी सर्वे में यूपी नंबर एक आना चाहिए। कोई भी इकाई स्थापित करने के लिए एनओसी जारी करने में सात दिन से अधिक समय लगा तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने पीएम गति शक्ति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि एक ट्रक चालक कितने कम समय में अपने प्रदेश के पार जा सकता है। नई रैंकिंग प्रणाली में इस बिंदु पर भी अंक मिलेंगें। उन्होंने महालेखाकार की ओर से उठाए गए बिंदुओं को भी एजेंडे में शामिल करने के निर्देश दिए। 100 दिन में रोजगार देने की रूपरेखा बनाने पर भी जोर दिया।

आईआईडीसी संजीव मित्तल ने बताया कि कोसी में उत्तर भारत की सबसे बड़ी ऑक्सीजन उत्पादन इकाई विकसित की जा रही है। नोएडा को मध्यम श्रेणी में सर्वाधिक स्वच्छ नगर चुना गया। उन्होंने पिकप कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 से बढ़ाकर 60 करने और उनकी एसीपी संबंधित वैधानिक समस्याओं पर भी चर्चा की। ब्यूरो